# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दूरभाष : सीक्रेसी (का०) 0121–2763323
सन्दर्भ : सीक्रेसी / मु०प०–2021 / 3865
दिनांक : 24.06.2021

अत्यावश्यक एवं महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / वरिष्ठ केन्द्राधीक्षक / नोडल अधिकारी,
मुख्य परीक्षा मार्च 2021 से सम्बद्ध
समस्त परीक्षा केन्द्र / नोडल केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः वैश्विक महामारी की द्वितीय लहर के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में उ0प्र0 शासन की गाईडलाईन के अनुरूप वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 के समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा आयोजित कराने के परिप्रेक्ष्य में परीक्षार्थियों के संज्ञानार्थ परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षकों के द्वारा की जाने वाले अति–महत्वपूर्ण घोषणाऐं।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में संज्ञान में लाना है कि कोविड महामारी की द्वितीय लहर के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में छात्र / छात्राओं के स्वास्थ को दृष्टिगत करते हुए विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति एवं संकायाध्यक्षों की बैठक में लिए गये निम्नांकित निर्णयों से आप स्वंय भी अवगत हों और कृपया परीक्षार्थियों को भी अवगत कराने की व्यवस्था कर, परीक्षाऐं आयोजित कराने का कष्ट करें:–

01. वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पुस्तिकाओं के लिए निर्देश :– इस वर्ष भी विगत वर्ष की भांति परीक्षार्थियों को 100 के स्थान पर किन्ही 75 प्रश्नों का ही उत्तर देना है, परीक्षा का समय भी 2 घण्टे के स्थान पर 1 ½ घण्टा रहेगा। अतः यह आवश्यक है कि कक्ष निरीक्षकों के द्वारा प्रश्न–पुस्तिका के वितरण के समय या इसके पूर्व यह उदघोषणा परीक्षार्थियों को पढ़कर सुनाई जाये।

क्रमशः...2

02. अन्तिम वर्ष के पारम्परिक प्रश्न–पत्रों के लिए समय 3 घण्टे के स्थान पर <u>1 ½ घण्टा</u> रहेगा। मुख्य वार्षिक परीक्षा–2021 से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष में कुछ प्रश्न–पत्र/कोड ऐसे हैं, जिनमें परीक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण पर्ष 2013 से ही उनकी परीक्षा बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्रों पर आधारित न कराके, पारम्परिक प्रश्न–पत्र पर आधारित आयोजित होती रही है। अतः कोविड–2019 से उत्पन्न परिस्थितियों में, इन प्रश्न–पत्रों में, तत्सम्बन्धी प्रश्नों को कम करने के निर्देश **परीक्षार्थियों को** निम्नानुसार अवगत कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें:–

02 (क)<u>एम०ए० द्वितीय वर्ष (केवल व्यक्तिगत) गणित, कोड जी–451 एवं जी–460 में:–</u>

प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर <u>1 ½</u> घण्टे का होगा। दस प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के (प्रथम प्रश्न अनिवार्य सहित) उत्तर देने हैं। प्रत्येक **प्रश्न 37.5 अंक** का होगा।

02 (ख) <u>एम०ए० द्वितीय वर्ष (केवल व्यक्तिगत) रक्षा अध्ययन, कोड जी–496 में :–</u>

प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर <u>1 ½</u> घण्टे का होगा। दस प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न समान अंक का होगा।

02 (ग) <u>बी०एस०सी० तृतीय वर्ष (कम्प्यूटर साईंस) कोड बी–397, बी–398 एवं बी– 399 में :–</u>

प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर <u>1 ½</u> घण्टे का होगा। प्रश्न–पत्र पांच खण्डों – अ, ब, स, द एवं इ में विभाजित होगा। खण्ड (अ) (लघु उत्तरीय) के दस प्रश्न में से किन्ही 05 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस खण्ड का प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा।

खण्ड ब, स द एवं ई (विस्तृंत उत्तरीय) में आन्तरिक विकल्प के साथ प्रत्येक खण्ड में दो–दो प्रश्न–होंगे। इनमें से खण्ड ब व स से एक प्रश्न तथा खण्ड द व ई से एक प्रश्न हल करें, और यह प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का होगा।

क्रमशः ___3

**वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर के द्वितीय वर्ष से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के प्रश्न–पत्रों के पैटर्न में प्रश्नों को निम्नानुसार कम किया गया है :–**

03. **बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0 के अधिकांश प्रश्न–पत्र कोड में निर्धारित प्रारूप :–**

मुख्य वार्षिक परीक्षा 2021 द्वितीय वर्ष के यूनिफाईड सैलेबस आधारित प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर **1 ½** घण्टे का होगा। ये प्रश्न–पत्र पांच खण्डों – अ, ब, स, द एवं इ में विभाजित होगा। उक्त प्रश्न–पत्रों में खण्ड अ (लघु उत्तरीय प्रश्न) में दस में से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं, व खण्ड ब, स (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न) में से एक प्रश्न व खण्ड द व ई (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न) में से भी एक प्रश्न का उत्तर देना है। प्रश्न–पत्र अधिकतम अंक 50 हेतु अंकों का विभाजन खण्ड अ 05 X 4=20 खण्ड ब व स 01 X 15=15, खण्ड द व ई 01 X 15=15 इसी प्रकार इस पैटर्न के अन्य प्रश्न–पत्रों में जिनके अधिकतम अंक में भिन्नता है, उन प्रश्न–पत्र पैटर्न में विभिन्न अधिकतम अंकों हेतु हेतु निम्न तालिका का अवलोकन कर परीक्षा कक्ष में घोषणाऐं करें :–

| अधिकतम अंक | खण्ड (अ) | खण्ड (ब), (स), (द) एवं (ई) |
|---|---|---|
| 25 | 2 X 5 =10 | 7.5 X 2 =15 |
| 30 | 2.4 X 5 =12 | 9 X 2 =18 |
| 33 | 2.6 X 5 =13 | 10 X 2 =20 |
| 34 | 2.8 X 5 =14 | 10 X 2 =20 |
| 35 | 2.8 X 5 =14 | 10.5 X 2 =21 |
| 40 | 3.2 X 5 =16 | 12 X 2 =24 |
| 50 | 4 X 5 =20 | 15 X 2 =30 |
| 65 | 5.2 X 5 =26 | 19.5 X 2 =39 |
| 70 | 5.6 X 5 =28 | 21 X 2 =42 |
| 75 | 6 X 5 =30 | 22.5 X 2 =45 |
| 100 | 8 X 5 =40 | 30 X 2 =60 |

04. **फाउन्डेशन कोर्स के अन्तर्गत प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-011 में निर्धारित प्रारूप :–**

प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर **1 ½** घण्टे का होगा तथा अधिकतम अंक 100 निर्धारित हैं। मुख्य वार्षिक परीक्षा 2021 के द्वितीय वर्ष फाउन्डेशन कोर्स हिन्दी **प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-011** में सात में से चार प्रश्नों के उत्तर देने होंगे, प्रश्न संख्या 01 व 02 अनिवार्य हैं, तथा प्रश्न संख्या 03,04, 05,06 व 07 में से किन्हीं दो प्रश्नों को हल करें। अंको का विभाजन प्रश्न संख्या 01 के 30 अंक प्रश्न संख्या 02 के 40 अंक एवं प्रश्न संख्या 03,04, 05,06 व 07 तक प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का होगा।

क्रमशः ___4

05. **फाउन्डेशन कोर्स के अन्तर्गत प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-012 में निर्धारित प्रारूप :–** प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर **1 ½** घण्टे का होगा तथा अधिकतम अंक 100 निर्धारित हैं। मुख्य वार्षिक परीक्षा 2021 के द्वितीय वर्ष फाउन्डेशन कोर्स अंग्रेजी **प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-012** में सात मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें प्रश्न संख्या 01 व 02 अनिवार्य हैं, तथा प्रश्न संख्या 03 ,04, 05, 06 व 07 में से किन्हीं दो प्रश्नों को हल करें। अंको का वितरण प्रश्न संख्या 01 के 40 अंक, प्रश्न संख्या 02 के 20 अंक एवं प्रश्न संख्या 03,04, 05,06 व 07 तक प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का होगा।

06. **फाउन्डेशन कोर्स के अन्तर्गत प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-013 में निर्धारित प्रारूप :–** प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर **1 ½** घण्टे का होगा तथा अधिकतम अंक 100 निर्धारित हैं। मुख्य वार्षिक परीक्षा 2021 के द्वितीय वर्ष फाउन्डेशन कोर्स संस्कृत **प्रश्न–पत्र कोड A,B,C,S-013** के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 1 में किसी एक मंत्र, प्रश्न संख्या 2 में किसी एक श्लोक का, प्रश्न संख्या 3 में किसी एक खण्ड का हिन्दी में अर्थ, प्रश्न संख्या 4 के भाग क में किसी एक पर टिप्पणी व भाग ख में किन्ही दो के पर्यायवाची, प्रश्न संख्या 5 में 10 प्रश्नों में से किन्हीं पाँच भागों को हल करना है। अंको का विभाजन, प्रश्न संख्या एक के 20 अंक, प्रश्न संख्या 02 के 20 अंक, प्रश्न संख्या 03 के 20 अंक, प्रश्न संख्या 4 के 10 अंक तथा प्रश्न संख्या 05 के 30 अंक निर्धारित हैं।

07 **B.Sc (PE, HE & Sports) द्वितीय वर्ष (कोड एस–201, से एस–211 तक) में निर्धारित प्रारूप :–**
प्रश्न–पत्र 3 घण्टे के स्थान पर **1 ½** घण्टे का होगा तथा प्रश्न–पत्र पैटर्न के खण्ड अ में विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों में छः प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्न, खण्ड ब में लघु उत्तरीय प्रश्नों में तीन प्रश्नों में से किसीं एक प्रश्न एवं खण्ड स अतिलघु उत्तरीय सभी पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। अंकों का विभाजन खण्ड अ 15 X 2=30 खण्ड ब में 1 X 10=10 व खण्ड स में 2 X 5=10 है।

**केन्द्राध्यक्ष हेतु विशेष निर्देश :–** उपरोक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित एवं सन्दर्भित विषय के लिए यह आवश्यक है कि कक्ष निरीक्षकों के द्वारा प्रश्न–पत्र के वितरण के समय या पूर्व यह उदघोषणा परीक्षार्थियों को पढकर सुनाई जाये तथा प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के बन्डल में डॉकेट प्रेफॉर्मा के साथ की गई घोषणाओं अर्थात कैसे परीक्षार्थियों को प्रश्नों को कम करने को निर्देशित किया गया, संशोधित मुद्रित प्रश्न–पत्र रखा जाना सुनिश्चित करें।

25-06-2021
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक